एक नजर में

एनएसई के पंजीकृत निवेशक 12 करोड़ के पार

इंदौर . 23 सितंबर को, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 12 करोड़ (120 मिलियन) के आँकड़े को पार कर गई . 23 सितंबर, 2025 तक एनएसई पर कुल निवेशक खाते 23 .5 करोड़ हो गए हैं, जो जुलाई 2025 में 23 करोड़ के आँकड़े को पार कर चुके थे . एनएसई के चीफ बिज़नेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने कहा इस वर्ष, हमने निवेशक आधार के मामले में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है . जनवरी में 11 करोड़ के पार जाने के बाद, यह सराहनीय है कि लगभग आठ महीनों में एनएसई के निवेशकों की संख्या में एक और करोड़ की वृद्धि हुई है, जबकि वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति की परिस्थितियों को लेकर निरंतर चिंताएँ बनी रही थीं . इस स्थिर वृद्धि के पीछे कई प्रमुख कारण हैं- सरल केवाईसी प्रक्रिया, हितधारकों द्वारा संचालित निवेशक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता में सुधार और सकारात्मक बाजार भावना .

प्लैटिनम आरएक्स से दवाइयों के खर्च पर बचत

इंदौर . प्लैटिनमआरएक्स, एक ऑनलाइन फार्मेसी है, जो मरीजों को उनके मासिक दवा खर्च में 50-60% तक की बचत करने में मदद कर रही है . भारत भर में 10 लाख से अधिक लोग, जिन्हें डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग जैसी दीर्घकालिक बीमारियाँ हैं, अब नियमित रूप से प्लैटिनमआरएक्स मोबाइल ऐप से दवाइयाँ ऑर्डर करते हैं . प्लैटिनमआरएक्स इन महँगी दवाओं का एक सावधानी से चुना हुआ तथा उच्च गुणवत्ता वाला जेनेरिक विकल्प पेश करता है, जो बड़े ब्रांड्स की दवाओं के बराबर असरदार है . प्लैटिनमआरएक्स के सह-संस्थापक आशुतोष पांडे ने कहा प्लैटिनमआरएक्स की शुरुआत एक सरल विश्वास से हुई कि गुणवत्ता वाली दवाइयाँ किसी के लिए भी लग्जरी नहीं होनी चाहिए . दीर्घकालिक मरीज हर महीने हजारों रुपए दवाइयों पर खर्च करते हैं . हमारा उद्देश्य इस बोझ को कम करना और हर परिवार के लिए स्वास्थ्य सेवा सस्ती बनाना है .

स्कोडा ऑक्टेविया आरएस की वापसी

इंदौर . स्कोडा ऑटो इंडिया एक लीजेंड, ऑक्टेविया आरएस की वापसी के साथ शौकीनों में ड्राइविंग का जुनून फिर से जगाने के लिए तैयार है . ब्रैंड न्यू ऑक्टेविया आरएस की प्री-बुकिंग 6 अक्टूबर से शुरू होगी, जो स्कोडा ऑटो की सबसे आइकॉनिक परफॉर्मेंस सेडान की वापसी का प्रतीक है . यह ग्लोबल आइकॉन भारत में सीमित मात्रा में फुल-बिल्ट यूनिट के रूप में उपलब्ध होगा . ऑक्टेविया आरएस की वापसी पर टिप्पणी करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा इस साल की शुरुआत में, हमने वादा किया था कि एक ग्लोबल आइकॉन भारत में वापसी करेगा . आज मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने ऑक्टेविया आरएस के साथ उस वादे को पूरा किया है . भारत में बिल्कुल नई ऑक्टेविया आरएस का ये लॉन्च सिर्फ़ एक कार की वापसी तक सीमित नहीं है . ये एक जज़्बे की वापसी है . एक ऐसा लीजेंड जो परफ़ॉरमेंस, उम्मीदें और ड्राइविंग के सच्चे जज़्बे की निशानी है .

पॉकेट एफएम ने लॉन्च किया एआई टूल

इंदौर . कहानियां लिखना और उनसे कमाई करना अब बहुत आसान हो गया है। पॉकेट एफएम के नए प्रोडक्ट एआई क्रिएटर टूल की मदद से लेखक केवल एक दिन में अपनी कहानियों को ऑडियो शो में बदल सकते हैं . अपलोड होने के बाद ये कहानियां पॉकेट एफएम पर दुनिया भर के लाखों श्रोताओं तक पहुंचेंगी, जिससे लेखक तुरंत इनसे कमाई शुरू कर सकते हैं .'किंग ऑफ ड्रैगन' के लेखक नितेश कुमार दयामा ने कहा पॉकेट एफएम से पहले, लिखना सिर्फ मेरा एक शौक था जिसे मैं काम के बाद करता था, और मुझे सच में उम्मीद नहीं थी कि यह मेरी जिंदगी बदल सकता है . मेरे पास संपादकों को रखने के लिए पैसे नहीं थे और न ही पब्लिशर्स तक पहुंच बनाने का नेटवर्क . अब, अचानक मेरे पास अपनी जेब में एक प्रोडक्शन टीम थी, और मेरे शब्द कुछ ही घंटों में ऑडियो सीरीज बन सकते थे . जब मैंने देखा कि पॉकेट एफएम पर लाखों श्रोता मेरी कहानी के साथ जुड़ रहे हैं, और फिर यह एहसास हुआ कि मैं इससे वास्तव में कमाई भी कर सकता हूं, तो ऐसा लगा कि मैंने एक पेशेवर लेखक के रूप में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है .

हंसदास मठ पर दुर्गा सप्तशती पाठ जारी

इंदौर . प्राचीन हंसदास मठ पर अधिष्ठाता श्रीमहंत महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में नवरात्रि महोत्सव की धूम जारी है . मठ के पं . अमित दास महाराज ने बताया कि महोत्सव में प्रतिदिन विद्वान आचार्यों के निर्देशन में हंसदास संस्कृत विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों द्वारा मां अन्नपूर्णा, मां गायत्री एवं मां सरस्वती के समक्ष नवरात्रि में सपुटित दुर्गा सप्तशती के पाठ भी जारी हैं .

भारत विकास की मजबूत राह पर : पीएल वेल्थ

इंदौर . पीएल वेल्थ, पीएल कैपिटल (प्रभुदास लीलाधर) की वेल्थ मैनेजमेंट इकाई, ने अपना मार्केट आउटलुक सितंबर 2025 जारी किया है। यह वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की मजबूत आर्थिक गति को दिखाता है . इसमें भारतीय इक्विटी के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक दृष्टिकोण को बरकरार रखा गया है, जिसे सामान्य मॉनसून, निरंतर नीतिगत सुधार, सरकारी पूंजीगत व्यय, और बचत के वित्तीयकरण ने समर्थन दिया है . रिपोर्ट में पता चला है कि वित्त वर्ष26 की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी 7 .8प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी, जो 6 .9प्रतिशत की उम्मीदों से बेहतर है . इंदरबीर सिंह जॉली, सीईओ, पीएल वेल्थ मैनेजमेंट के अनुसार भारत की संरचनात्मक विकास कहानी सुधारों, पूंजीगत व्यय की गति, और कम महंगाई दर के साथ मजबूत बनी हुई है . टैरिफऔर वैश्विक अस्थिरता अल्पकालिक माहौल को प्रभावित कर रहे हैं, लेकिन अनुशासित निवेशक बाजार की अस्थिरता का उपयोग लंबे समय के लिए गुणवत्तापूर्ण संपत्तियों में निवेश के लिए कर सकते हैं .

गोल्ड स्टार 650 प्री-जीएसटी 2 .0 कीमतों पर

इंदौर . बीएसए मोटरसाइकिल्स इस नवरात्रि पर अपने प्रमुख मॉडल गोल्ड स्टार 650 के पहले 500 खरीदारों के लिए सीमित अवधि का ऑफर लेकर आया है ।भाग्यशाली ग्राहक न केवल प्री-जीएसटी 2 .0 कीमतों पर अपनी गोल्ड स्टार हासिल करेंगे बल्कि उन्हें एक विशेष लिमिटेड-एडिशन एक्सेसरी किट भी मिलेगी . हाल ही में जीएसटी संशोधन के बाद 350सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर कर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है, लेकिन बीएसए ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए इस मूल्य प्रभाव को खुद वहन कर रहा है ताकि मोटरसाइकिल प्रेमियों को बेहतरीन अनुभव आकर्षक कीमतों पर मिल सके . क्लासिक लीजेंड्स के चीफ बिज़नेस ऑफिसर, शरद अग्रवाल ने कहा जीएसटी 2 .0 के बाद भी अपनी कीमतें पहले 500 ग्राहकों के लिए स्थिर रखकर और त्योहारी ऑफर जोड़कर हम और अधिक मोटरसाइकिल प्रेमियों को इस जीवनशैली को बिना किसी समझौते के अपनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं .

ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने अभिभावकों के लिए गाइड

इंदौर . परीक्षाएँ खत्म होती हैं, हॉस्टल भर जाते हैं और पहली बड़ी खरीदारी शुरू होती है, फ़ोन, लैपटॉप, हेडफ़ोन और फ़ैशनेबल चीज़ों की . कई युवाओं के लिए, त्योहारों का मौसम नई आर्थिक आज़ादी के साथ आता है . यही वह समय होता है जब धोखेबाज़ों का भी जमावड़ा होता है . माता-पिता और अभिभावक किशोरों और कॉलेज के छात्रों को वेब की बारीकियाँ समझने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं-नकली होने की पहचान करना, जल्दबाजी पर सवाल उठाना और ऐसी आदतें विकसित करना जो पैसे और पहचान को सुरक्षित रखें . अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट - लीगल राकेश बक्शी ने कहा घर पर हमारा मंत्र सरल है- पहले रुकें, बाद में क्लिक करें . हम परिवारों को त्वरित सत्यापन करने, अपने ऑर्डर की जाँच के लिए आधिकारिक अमेज़न ऐप का उपयोग करने, बहु-कारक प्रमाणीकरण चालू करने और गिफ्ट-कार्ड से किसी भी भुगतान पर रोक लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं . ये छोटी-छोटी आदतें बड़ी परेशानियों से बचाती हैं .

मनाईये नवरात्रि एण्डटीवी के संग!

इंदौर . एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में नवरात्रि का जश्न देखने को मिलेगा . इसमें शामिल होंगी - वेश बदलने की शरारतें, मस्ती और डांडिया से भरपूर धमाल, जो दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर देगा . 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुए गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ राजेश ने कहा हप्पू और बेनी अपनी ज़िंदगी से परेशान हैं . दोनों को पता चलता है कि पहाड़ी वाली माता के मंदिर में मन्नत पूरी होती है . वे ठान लेते हैं कि मंदिर तक घुटनों के बल जाएंगे और माता का आशीर्वाद लेंगे . 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने शो की आगे की कहानी के बारे में बताते हुये कहा तिवारी और विभूति अपनी-अपनी भाबियों के साथ डांडिया खेलने को बेताब हैं . लेकिन उनकी किस्मत तब पलट जाती है जब अनीता को अपनी ग्रूमिंग क्लास की एक स्टूडेंट से गर्ल्स डांडिया नाइट की स्पॉन्सरशिप मिलती है . अनीता और अंगूरी मिलकर उस स्पेशल इवेंट में शामिल हो जाती हैं . अब तिवारी और विभूति के पास सिर्फ़ एक ही रास्ता बचता है-महिला का वेश बनाकर अंदर घुसने का!

नागरिकों, स्वच्छता कर्मियों, अधिकारियों को शपथ दिलवाई

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में एक दिन - एक घंटा श्रमदान

इंदौर. नगद निगम द्वारा आज शहर में स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत सभी वार्डों में एक दिन एक घंटा श्रमदान अभियान चलाया गया. उक्त अभियान के तहत महापौर और निगम आयुक्त ने फूटी कोठी चौराहे पर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया. इसके बाद उपस्थित नागरिकों, स्वच्छता कर्मियों एवं निगम अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई.

आज सुबह फूटीकोठी चौराहे पद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक स्वच्छता सेवा पखवाड़े में सफाई श्रमदान किया गया। इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर एक दिन- एक घंटा श्रमदान अभियान फूटी कोठी चौराहे पर चलाया गया. महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर देश में स्वच्छता का मॉडल है और 9 वीं बार भी स्वच्छता में अव्वल आने के लिए तैयार है. इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद शानू शर्मा, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, स्वास्थ्य अधिकारी, एनजीओ संस्था एवं बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा भी श्रमदान किया गया.

इंदौर स्वच्छता को लेकर हमेशा तत्पर

आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने कहा कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज शहर के प्रत्येक वार्ड एवं क्षेत्र में एक घंटा श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि इंदौर स्वच्छता को लेकर हमेशा तैयार रहता है.

मंत्री, विधायक, निगम आयुक्त ने किया पौधारोपण

एक बगिया मां के नाम अभियान के क्रम में पौधारोपण

इंदौर. स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिन एक घंटा श्रमदान अभियान के क्रम में आज बापट चौराहा पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद कविता पाटीदार, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. इसके उपरांत सभी गणमान्य अतिथियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया.

जनकार्य एवं उद्यान प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे एक बगिया माँ के नाम अभियान के तहत आज पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, महेन्द्र हार्डिया एवं गोलु शुक्ला, आयुक्त दिलीप कुमार यादव, क्षेत्रीय रहवासियों द्वारा तुलसी नगर, निपानिया मेन क्षेत्र स्थित डीबी सिटी के सामने अतिक्रमण से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि पर 200 फलदार एवं ग्रीन बेल्ट में 800 से अधिक छायादार पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सुरेश कुरवाडे, महेश जोशी, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर तथा बड़ी संख्या में रहवासी संगठन के पदाधिकारी द्वारा भी पौधारोपण किया गया. इसी क्रम में एक बगिया माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विधायक महेन्द्र हार्डिया, आयुक्त दिलीप कुमार यादव एवं जनकार्य प्रभारी राजेन्द्र राठौर क्षेत्रीय रहवासियों द्वारा आरई-2 रोड, स्कीम क्रमांक 140, अग्रवाल पब्लिक स्कूल के समीप ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में भी 1,000 से अधिक छायादार पौधों का रोपण किया गया. इस कार्यक्रम में पार्षद राजीव जैन, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर एवं बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी संगठनों के प्रतिनिधि व नागरिकगण मौजूद रहे.

रहवासी स्थल को गोद लें

आयुक्त यादव द्वारा कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय रहवासियों के साथ पौधों के संरक्षण एवं देखरेख को लेकर विस्तृत चर्चा की गई . रहवासी संगठन को इसके लिए समिति का गठन कर पौधारोपण स्थल को गोद लेने ओर उसकी देखभाल तथा संधारण की जिम्मेदारी लेने के लिए कहा गया .

ओमेक्स ग्रुप ने सुपर कॉरिडोर पर इंटीग्रेटेड टाउनशिप के ऑफिस का शुभारंभ किया

इंदौर. रियल एस्टेट डेवलपर ओमेक्स ग्रुप ने शहर के ग्रोथ इंजन के रूप में पहचान बना चुके सुपर कॉरिडोर पर, 600 एकड़ में फैली अपनी विशाल इंटीग्रेटेड टाउनशिप के भव्य ऑफिस का शुभारंभ ओमेक्स ग्रुप मध्यप्रदेश के बिज़नेस हेड एवं प्रेसिडेंट विनीत शर्मा द्वारा विधि - विधान, पूजा और हवन के साथ किया गया. इस शुभ अवसर पर ओमेक्स ग्रुप के सैकड़ों की संख्या में ग्राहक, सहयोगी, मित्र व साथीगण मौजूद थे.

ओमेक्स ग्रुप के बिज़नेस हेड एवं प्रेसिडेंट विनीत शर्मा ने बताया सुपर कॉरिडोर पर ओमेक्स ग्रुप का यह इंदौर शहर में चौथा मेगा इंटीग्रेटेड टाउनशिप प्रोजेक्ट 600 एकड़ में आकार लेने जा रहा है. चूंकि नवरात्रि का पावन पर्व, शक्ति और नई शुरुआत का प्रतीक है. इसलिए नवरात्रि में ऑफिस का शुभारंभ किया है. ओमेक्स ग्रुप के इस विशाल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट मे मध्यमवर्गीय और उच्च मध्यम वर्गीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान मे रखते हुए आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, चौड़ी सड़कें, भूमिगत इलेक्ट्रिसिटी, स्मार्ट सिक्योरिटी और सोलर एनर्जी सिस्टम के अलावा स्कूल, हॉस्पिटल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कमर्शियल हब, क्लब हाउस और हरित उद्यान जैसी आवश्यक सुविधाओं परिवारों को उपलब्ध होंगी. विशेषज्ञों का मानना है कि ओमेक्स की यह 600 एकड़ की परियोजना न केवल इंदौर को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार और व्यवसायिक अवसर भी सृजित करेगी।

नवरात्रि में चलाएं रात्रि कालीन सफाई अभियान : आयुक्त

- बस स्टॉप पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश
- पोस्टर, पंपलेट चिपकाने वालों के बनाएं चालान

इंदौर. शहर में गरबा पंडालों के आसपास रात्रि में सफाई अभियान चलाया जाएं. शहर के प्रमुख सड़कों और चौराहों को सुंदर बनाए. बस स्टॉप पर सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं पोस्टर, पंपलेट लगाने वालो के चालान बनाए.

यह बात नगर निगम आयुक्त ने आज शाम निरीक्षण के दौरान कही. शहर में पिछले कई दिनों से आयुक्त दिलीप कुमार यादव सफाई व्यवस्था के निरीक्षण कर रहे है. इसी क्रम में आज जंजीर वाला चौराहा, स्नेहलता गंज, राजकुमार ब्रिज, रेलवे स्टेशन, जीएसआयटीएस, लैंटर्न चौराहा, श्रम आयुक्त कार्यालय, जेल रोड, चिमनबाग, रामबाग, तिलक पथ, हैमिल्टन रोड झोन 9 के कई क्षेत्र का निरीक्षण किया गया. आयुक्त यादव ने जंजीर वाला चौराहा, जीएसआयटीएस एवं लैंटर्न चौराहे पर सफाई को लेकर दरोगा दीपक नाहर एवं एनजीओ को फटकार लगाई. जीएसआयटीएस रोड पर प्लांटेशन की कटिंग नहीं होने पर सीएसआई जोन 9 पर नाराज हुए. साथ ही बगीचे दरोगा को प्लांटेशन की कटिंग करने के निर्देश दिए. क्षेत्र के बस स्टॉप पर से कचरा हटाने तथा सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ पोस्टर पम्पलेट लगाने वालों के विरुद्ध चलानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, मनोज पाठक, अधीक्षण यंत्री श्री डी आर लोधी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे.

फुटपाथ क्लियर करें

आयुक्त ने स्नेहलतागंज, राजकुमार ब्रिज एवं नेहरू पार्क रोड पर रेल्वे स्टेशन फुटपाथ क्लियर करने के निर्देश दिए गए . निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 3 के श्रम आयुक्त कार्यालय परिसर में सफाई और श्रम शिविर परिसर में ग्रीन वेस्ट हटाने का अधिकारियों से कहा . आयुक्त ने शहर के मुख्य मार्गों के साथ कालोनियों, गलियों की बैकलैन का निरीक्षण कर सफाई दुरस्त रखने का कहा है . आयुक्त द्वारा शहर में नवरात्रि के तहत माता के पंडाल की रात्रि कालीन सफाई करने एवं चौराहों को साफ और सुंदर रखने के आदेश दिए .

पेंशन, राशन कार्ड पर्ची बंद करने को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

बड़ी संख्या में बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हुई

इंदौर. आज शहर के बुजुर्गों की पेंशन और राशन कार्ड की पर्ची बंद करने को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया. प्रदर्शन ने बड़ी संख्या में बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हुई.

आज संभागायुक्त कार्यालय पर शहर कांग्रेस और नगर निगम कांग्रेस पार्षद दल ने पेंशन और राशन कार्ड पर्ची बंद करने के खिलाफ प्रदर्शन किया. इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शहर के बुजुर्गों और महिलाएं भी शामिल हुई, जिनकी पेंशन गलत तरीके से बंद कर दी गई है. इसके साथ गरीब परिवारों के सैकड़ों लोग भी पहुंचे थे जिनका फ्री राशन बंद हो गया है. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि इंदौर नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में बुजुर्गों के नाम पेंशन पाने वालों की सूची से हटा दिए गए हैं. गरीबों के नाम भी मुफ्त में राशन प्राप्त करने वाले नागरिकों की सूची से हटा दिए गए हैं. यह षड्यंत्र जिन नागरिकों के साथ किया गया और उन्हें इस बारे में कोई सूचना भी नहीं दी गई. ध्यान रहे कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में बुजुर्गों को हर महीने पेंशन मिलती थीं. बुजुर्गों को बिना बताएं नगर निगम ने पेंशन सूची से उनके नाम हटा दिए. प्रदर्शन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, दीपू यादव, पिंटू जोशी, रघु परमार, राजेश चौकसे, जय हर्डिया, नकुल पाटोदी, अमन बजाज, शेख अलीम, कांग्रेस के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद राजू भदौरिया, रफीक खान, कुणाल सोलंकी, सेफू वर्मा, यशस्वी अमित पटेल, अनसाफ़ अंसारी, अनवर दस्तक, रूबीना खान, सुदामा चौधरी, अमित पटेल मौजूद थे. अंत में शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनाली मिमरोट और जिला कांग्रेस अध्यक्ष रीटा डांगरे ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा.

चक्काजाम करेंगे आंदोलन

चौकसे ने पेंशन राशि बढ़ाकर 1500 रुपए करने की मांग करते हुए बताया कि पेंशन उन्हीं लोगों को मिलेगी . चौकसे ने कहा सरकार द्वारा गरीब नागरिकों को मुफ्त का राशन दिया जाता है . पिछले 6 महीने के दौरान बहुत सारे राशन कार्ड बंद कर दिए गए है . ऐसे लोगों की संख्या शहर में हजारों की तादाद में है . चौकसे ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो महीने में पेंशन और राशन चालू नहीं किया गया, तो कांग्रेस के द्वारा शहर में चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा .

डॉ . द्विवेदी पारुल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद में सीएमई में शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे

राष्ट्रीय मंच पर करेंगे प्रेज़ेंटेशन

इंदौर. श्री गुजराती समाज द्वारा संचालित एस.के.आर.पी. गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंदौर के लिए यह गौरव का अवसर है. कॉलेज के फिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एके द्विवेदी को पारुल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद द्वारा आयोजित सीएमई (कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम में बतौर रिसोर्स पर्सन आमंत्रित किया गया है.

नेक द्वारा ए++ प्रत्यायन प्राप्त पारुल यूनिवर्सिटी द्वारा यह 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम 6 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होगा, जिसमें डॉ. द्विवेदी 8 अक्टूबर को कॉनसेप्ट ऑफ मेन इन हेल्थ एंड रोल ऑफ फिजियोलॉजी इन अंडरस्टेंडिंग हेल्थ विषय पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे. डॉ. द्विवेदी प्रेज़ेंटेशन के साथ अपनी बात रखेंगे और प्रशिक्षण भी देंगे. प्रोग्राम के संबंध में पारुल यूनिवर्सिटी से अहमदाबाद द्वारा 19 सितम्बर को अधिकारिक आमंत्रण पत्र जारी किया गया है. इस उपलब्धि पर इंदौर और श्री गुजराती समाज के शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों ने गर्व और प्रसन्नता व्यक्त की है. गौरतलब है कि इंदौर का श्री गुजराती समाज द्वारा संचालित होम्योपैथिक कॉलेज भी मध्यप्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है. उल्लेखनीय है कि डॉ. द्विवेदी को 27 वर्षों का चिकित्सकीय शिक्षण एवं शोध अनुभव है. भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अब तक दो बार मिल चुके हैं. वर्ष 2015 से लगातार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद की वैज्ञानिक सलाहकार मंडल के सदस्य है. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में गवर्नर-नामित कार्यपरिषद सदस्य भी है.

जानकारी और सतर्कता के अभाव में एक छोटा सा मच्छर भी जानलेवा

इंदौर/महू. भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू में वेक्टर जनित रोग एवं उपचार विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा ने बताया कि इस एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य वक्ता जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा थी,उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया जैसे वेक्टर जनित रोगों के लिए समाज में जागरूकता और जानकारी आवश्यक है. उन्होंने इन रोगों से बचने के उपाय, उपचार और शासन के द्वारा इन रोगों के रोकथाम हेतु क्या प्रयास किया जा रहे हैं इसके संदर्भ में विस्तार से अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को बताया. विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर आधारित इस सेमिनार का आयोजन, सामाजिक गतिविधि क्लब एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में हुआ. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में एक छोटी सी चूक आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार से विद्यार्थियों में जागरूकता आती है. संचालन कार्यक्रम की संयोजक, डॉ लक्ष्मी डुबोरिया द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. रंजना वर्मा के द्वारा व्यक्त किया गया.

एक नजर में

संस्कार कॉलेज में इंडक्शन प्रोग्राम एवं फ्रेशर्स पार्टी सम्पन्न

सफलता की संजीवनी संस्कारों के पर्वत से मिलती है : प्रो . पलोड़

इंदौर. सफलता की संजीवनी संस्कारों के द्रोणगिरि पर्वत से हासिल की जा सकती है. संस्कार विकार मिटाकर अनुशासित जीवन जीने का आधार होते हैं. महाविद्यालय में कदम रखते ही कॉरियर की चिंता सताने लगती है. अच्छे मुकाम को पाने हेतु श्रम, परिश्रम और लगन से कार्य करना चाहिए.

उक्त विचार संस्कार कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम में राष्ट्रीय कवि व प्रख्यात वक्ता प्रो.(डॉ) श्याम सुन्दर पलोड ने व्यक्त किये. वे धार रोड स्थित महाविद्यालय सभागार में विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे. डॉ. पलोड ने कहा कि कर्म की पूंजी और धर्म की धरोहर जिंदगी की जीत का मंत्र है. अपने आदर्शों को आदर पूर्वक श्रद्धा का केन्द्र बनाकर हम जीवन की जंग में फतह हासिल करें वही हमारा लक्ष्य होना चाहिए. भारतीय ज्ञान परम्परा में कौशल व अनुशासन का महत्व ज्यादा रहा है वो ही हमें शिखर पर पहुँचाकर कामयाबी देते हैं. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि कॉलेज जीवन बहुमूल्य होता है इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए. पाठ्यक्रम के नवीन पहलुओं पर सतत प्राध्यापकों से मार्गदर्शन लेकर पढ़ाई पूर्ण करनी चाहिए. हमें सफलता तभी मिलती है जब हम सत्कार को व्यवहार में लाते हैं. आप अपनी अहमियत और काबिलियत पर गौर करके आगे बढ़ें और नई नई सीढियां चढ़ें कॉलेज आपकी हरसम्भव मदद करेगा. स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक प्रो.आयुषी जोशी ने दिया. कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष व प्रशासक प्रो. शरद सिकरवार व प्रो.मनोहर सुथार भी मंच पर उपस्थित थे. स्वागत प्रो. राकेश शुक्ला, रुपाली खण्डेलवाल, धनराज सिसोदिया, श्वेता यादव इत्यादि ने किया. फ्रेशर्स पार्टी में विद्यार्थियों ने डीजे की धुन पर खूब डांस किये.

तुषार व देविका को फ्रेशर अवार्ड

कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर्स का अवार्ड तुषार पाटीदार को व मिस फ्रेशर्स का अवार्ड देविका मण्डलोई को मिला. कार्यक्रम का संचालन प्रो.अभिषेक परमार ने किया व आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष व प्रशासक प्रो.शरद सिकरवार ने किया.